आकाशवाणी भोपाल
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 16.01.2025 समय : 07.10pm

मुख्य समाचार :–

- केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के लिए 8वें वेतन आयोग को मंत्रिमंडल ने दी मंजूरी।
- शहडोल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में मिले 32 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली में भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 का करेंगे उद्घाटन।
- प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में छाया कोहरा, अगले दो दिन बारिश की संभावना।

**मंत्रीमंडल फैसलें**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक हुई। बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा मंत्रिमंडल में दो अहम फैसले लिये गये हैं। श्री वैष्णव ने कहा कि मंत्रिमंडल ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए 8वें वेतन आयोग को मंजूरी दे दी है। वेतन आयोग की सिफारिशें 2026 में लागू होंगी। श्री वैष्णव ने कहा चेयरमैन और दो सदस्यों की नियुक्ति होगी। उन्होंने कहा मंत्रिमंडल ने स्पेस सेक्टर को लेकर बहुत बडा फैसला लिया गया है। वर्ष 2040 तक भारत के चांद पर पहुंचने के लक्ष्य में तीसरे लांच पैड की अहम भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि 3 हजार नौ सौ 85 करोड की लागत से तीसरे लांच पैड को मंजूरी दी। उन्होंने कहा कि 8वें वेतन आयोग की सिफारिशें 2026 में लागू होंगी।

**रीजनल कॉन्क्लेव**

प्रदेश में निवेश प्रोत्साहन के लिए आज शहडोल में 7वीं रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव का आयोजन किया गया। इसमें साढ़े 32 हजार करोड़ के निवेश के प्रस्ताव मिले हैं। जिससे 31 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरलता, सहजता और सुगमता के साथ उद्योग और व्यापार को बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार कटिबद्ध है। अब तक हुए कॉन्क्लेव में मध्यप्रदेश में 4 लाख करोड़ के निवेश का प्रस्ताव मिल चुका है। इससे 3 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। शहडोल कॉन्क्लेव में 5 हज़ार से ज़्यादा छोटे बड़े निवेशक आज शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान 572 करोड़ की 30 औद्योगिक इकाइयों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन मुख्यमंत्री ने किया। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से कहा कि कॉन्क्लेव में 102 इकाइयों को 401 एकड़ जमीन आवंटित की गई है।

**महाकुंभ विदेशी प्रतिनिधिमंडल**

प्रयागराज महाकुंभ में दस देशों से आए 21 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने आज त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान किया। उन्होंने हेलीकॉप्टर के जरिए महाकुंभ क्षेत्र का हवाई दृश्य भी देखा। विदेश मंत्रालय द्वारा आमंत्रित प्रतिनिधिमंडल कल महाकुंभ पहुंचा। दल ने महाकुंभ मेला क्षेत्र का भी दौरा किया। हेरिटेज वॉक के जरिए सदस्यों ने प्रयागराज की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत को करीब से देखा। अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल में फिजी, फिनलैंड, गुयाना, मलेशिया, मॉरीशस, सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, त्रिनिदाद और टोबैगो और संयुक्त अरब अमीरात के प्रतिनिधि शामिल हैं

**महाकुंभ रेलवे**

महाकुंभ मेला 2025 के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पश्चिम मध्य रेल, भोपाल मंडल द्वारा चलाई जा रही रानी कमलापति-बनारस-रानी कमलापति कुंभ मेला एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन आज सुबह 11:10 बजे रानी कमलापति स्टेशन से बनारस के लिए रवाना हुई। यह ट्रेन लगभग 1500 यात्रियों को लेकर गई है। यह द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 20.फरवरी तक प्रत्येक सोमवार एवं गुरुवार को चलेगी।

**भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली में भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 का उद्घाटन करेंगे। यह भारत का सबसे बड़ा मोबिलिटी एक्सपो होगा। यह एक्सपो 22 जनवरी तक तीन जगहों पर आयोजित किया जाएगा। एक्सपो में 20 से ज्यादा सम्मेलनों और पवेलियन का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा, एक्सपो में मोबिलिटी क्षेत्र में नीतियों और पहलों को प्रदर्शित करने के लिए राज्य सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। एक्सपो 2025 का लक्ष्य संपूर्ण मोबिलिटी मूल्य श्रृंखला को एक छत के नीचे लाना है। इस वर्ष के एक्सपो में वैश्विक महत्व पर विशेष बल दिया जाएगा, जिसमें दुनिया भर से प्रदर्शक और आगंतुक भाग लेंगे।

**राष्ट्रपति - राष्ट्रीय खेल पुरस्कार**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु राष्ट्रपति भवन में कल राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024 प्रदान करेंगी। विश्व शतरंज चैंपियन डी. गुकेश, पेरिस ओलंपिक में दोहरी पदक विजेता मनु भाकर, भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पेरिस पैरालिंपिक में स्वर्ण पदक विजेता प्रवीण कुमार को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार प्रदान करेंगी। यह पुरस्कार पिछले चार वर्षों की अवधि में किसी खिलाड़ी द्वारा खेल के क्षेत्र में शानदार और सबसे उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया जाता है।

32 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार दिया जाएगा। इनमें एथलीट ज्योति याराजी और अन्नू रानी, मुक्केबाज नीतू शामिल है। अनुभवी एथलीट सुच्चा सिंह और अनुभवी पैरा तैराक मुरलीकांत पेटकर को भी अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। पैरा-शूटिंग कोच सुभाष राणा, शूटिंग कोच दीपाली देशपांडे, हॉकी कोच संदीप सांगवान, बैडमिंटन कोच एस मुरलीधरन और फुटबॉल कोच अरमांडो एग्नेलो कोलाको को द्रोणाचार्य पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

**छिंदवाड़ा हादसा**

छिंदवाड़ा जिले में कुआं धंसने से मलबे में दबे तीन मजदूरों के शव हादसे के करीब 44 घंटे बाद आज दोपहर निकाले जा सके। छिंदवाड़ा जिले के ग्राम खूनाझिरखुर्द में एक कुएं के गहरीकरण के दौरान मंगलवार शाम करीब मिट्टी धसक गई थी, जिसमें छह मजदूर फंस गए थे। उनमें से तीन मजदूरों को तो सुरक्षित निकल लिए गया था, लेकिन तीन मलबे में दब गए थे। मुख्यमंत्री ने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि शासन की ओर से सभी मृतकों के परिजनों को 4–4 लाख रूपये की आर्थिक मदद दी जायेगी।

**धान खरीदी**

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अभी तक 6 लाख 22 हजार किसानों से 40 लाख 37 हजार 274 मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। धान का उपार्जन 23 जनवरी तक किया जायेगा। धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रूपये और धान ग्रेड-ए का 2320 रूपये है। किसानों के आधार लिंक्ड बैंक खातों में अभी तक 6489 करोड़ 39 लाख रूपये की राशि अंतरित कर दी गई है।

**पशुधन**

केन्द्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय पशुधन मिशन के अंतर्गत उद्यमिता विकास कार्यक्रम में प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग को उत्कृष्ट कार्य के लिए "बैस्ट परफॉर्मिंग स्टेट" का पुरस्कार प्रदान किया गया है। केन्द्रीय पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह ने पुणे में आयोजित एक दिवसीय उद्यमिता विकास कॉन्क्लेव में यह पुरस्कार मध्यप्रदेश के दल को प्रदान किया.

**मौसम**

**पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता की वजह से प्रदेश में मौसम फिर बदला हुआ है। आज भोपाल समेत निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, सतना, रीवा, मैहर, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में कोहरा रहा। मौसम विभाग के अनुसार अगले 2 दिन भोपाल, इंदौर, ग्वालियर समेत प्रदेश के आधे हिस्से में बारिश हो सकती है। इस बीच प्रदेश में ठंड से राहत मिलती दिख रही है। इन्दौर, उज्जैन, शहडोल संभागों में तापमान सामान्य अधिक बना हुआ है। प्रदेश में सबसे कम न्यूनतम तापमान पचमढ़ी में 7 दशमलव 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने टीगमगढ़, रीवा, सतना, पन्ना, ग्वालियर, दतिया सहित 11 जिलों में कोहरे और वज्रपात के लिए यलो अलर्ट जारी किया है।**

**समाचार संक्षेप**

- केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया कल नई दिल्ली में संचार साथी एप लॉन्च करेंगे। साथ ही डीबीएन द्वारा वित्तपोषित 4जी मोबाइल साइट पर इंट्रा सर्किल रोमिंग का शुभारंभ भी करेंगे। इस अवसर पर भोपाल में दूरसंचार भवन में भी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।
- देवास जिले में आनंद उत्सव 2025 का आयोजन 28 जनवरी तक किया जा रहा है। इसके तहत आनंद विभाग द्वारा जिले की नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों एवं ग्रामों में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है।
- शिवपुरी के लुधावली बाईपास पर एक ट्रक रोड किनारे बने कच्चे मकान के ऊपर पलट गया। इससे दो लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।
- मध्यप्रदेश के पिछड़ा वर्ग समूह के लिये कल राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की जनसुनवाई आयोजित की गई है। संबंधित समुदायों के प्रतिनिधि या व्यक्ति अपना पक्ष रखने के लिये भोपाल स्थित कार्यालय में आ सकते हैं।
- पांढुर्ना मे पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में मतदाताओं के अधिकार और इसके प्रचार-प्रसार को लेकर विविध गतिविधियां आयोजित हो रही है। प्रभारी प्राचार्य ने विद्यार्थियों की प्रस्तुति की सराहना कीं और सभी विद्यार्थियों को मताधिकार का महत्व बताया।